संयुक्त राज्य डिस्ट्रिक्ट कोर्ट
सदर्न डिस्ट्रिक्ट ऑफ न्यूयॉर्क

| | |
|---|---|
| जोनाथन NNEBE, *और अन्य*,<br><br>अभियोगी,<br><br>-बनाम-<br><br>मैथ्यू डोउस, *और अन्य*,<br><br>बचाव पक्ष। | नंबर 06-cv-4991 (RJS) |
| एंथनी स्टॉलवर्थ, *व्यक्तिगत रूप से और समान रूप से स्थित अन्य सभी की ओर से, और अन्य*,<br><br>अभियोगी,<br><br>-बनाम-<br><br>मीरा जोशी *और अन्य.*,<br><br>बचाव पक्ष। | नंबर 17-cv-7119 (RJS) |

**वर्ग कार्यवाही के लंबित रहने की सूचना**

सेवा में: 2003 और 2020 (सामूहिक तौर पर, वर्ग) के बीच आपराधिक आरोपों में गिरफ्तार किए जाने के आधार पर NYC Taxi and Limousine Commission (TLC) द्वारा लाइसेंस निलंबित किए गए सभी टैक्सी या किराए के वाहन चालक।

**कृपया इस नोटिस को पूरी तरह से ध्यान से पढ़ें।**
**इस मुकदमे की कार्यवाही से आपके अधिकारों पर असर पड़ सकता है।**
**इस नोटिस के अनुवादित संस्करण WWW.TLCSUSPENSIONCASE.COM पर उपलब्ध हैं।**

यह कोर्ट के ऑर्डर में दी गई नोटिफिकेशन है कि आप न्यूयॉर्क शहर और NYC Taxi and Limousine Commission के अधिकारियों के खिलाफ दो संबंधित लंबित मुकदमों में वर्ग के सदस्य हो सकते हैं, जो वर्तमान में सदर्न डिस्ट्रिक्ट ऑफ न्यूयॉर्क के लिए संयुक्त राज्य डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में लंबित हैं।

इस नोटिस का उद्देश्य आपको इस बात का परामर्श देना है कि कार्यवाही को एक वर्ग कार्यवाही के तौर पर आगे बढ़ने के लिए कोर्ट द्वारा प्रमाणित किया गया है और यह कि कोर्ट ने यह पाया है कि जिस

तरीके से शहर ने अधिसूचित किया और वे चालक जो 28 जून, 2003 और 18 फरवरी, 2020 के बीच गिरफ्तार हुए और इसके आधार पर निलंबित हुए, इनकी सुनवाई में संवैधानिक उल्लंघन किया गया था। **परिणामस्वरूप, आप प्रतिपूरक पैसे के हर्जाने के हकदार हो सकते हैं। इस मामले का हिस्सा बनने के लिए आपकी ओर से कोई कार्यवाही किए जाने की जरूरत नहीं है।**

**यह नोटिस आपको समझाने के लिए है:**

1. मुकदमा किस बारे में हैं
2. वर्ग के सदस्य के तौर पर आपके अधिकार
3. क्या आप पैसे की क्षति के हकदार हो सकते हैं
4. आपको क्या करने की आवश्यकता हो सकती है
5. आगे की अदालती कार्यवाही
6. मुकदमे के बारे में अधिक जानकारी कैसे प्राप्त करें

**1. मुकदमे किस बारे में हैं**

दो संबंधित मुकदमे हैं: *नेबे और अन्य बनाम. डोउस, और अन्य* (केस नंबर 06-cv-4991) और *स्टॉलवर्थ और अन्य बनाम जोशी, और अन्य*। (केस नंबर 17-cv-7119)।

अभियोगी जोनाथन नेनेबे, एडुआर्डो एवेनौट, खैरुल अमीन, एंथोनी स्टॉलवर्थ, परिचय बर्मन और नूर तानी ने न्यूयॉर्क टैक्सी वर्कर्स एलायंस (NYTWA) के साथ मिलकर इस प्रक्रिया को चुनौती दी कि बचाव पक्ष ने उन चालकों को दिए जिनके लाइसेंस आपराधिक आरोपों के लिए गिरफ्तारी की वजह से TLC की तरफ से निलंबित कर दिए गए थे। खासतौर पर, अभियोगी ने आरोप लगाया कि निलंबन के बाद का नोटिस और ड्राइवर के आपराधिक मामले के लंबित समाधान के लिए निलंबित लाइसेंस को बहाल करने की सुनवाई संवैधानिक नहीं थी। 2019 में, दूसरे सर्किट के लिए यूएस कोर्ट ऑफ अपील्स ने फैसला सुनाया कि बचाव पक्ष ने निलंबित चालकों को कानून की उचित प्रक्रिया के अपने संवैधानिक अधिकार से वंचित कर दिया क्योंकि (1) नोटिस चालकों को सुनवाई की प्रकृति के बारे में पर्याप्त तौर पर सूचित नहीं कर पाई और (2) सुनवाई चालकों को उनके लाइसेंस निलंबन का विरोध करने का एक सार्थक मौका नहीं मिल स्का।

डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने मुकदमे को वर्ग कार्यवाही के तौर पर आगे बढ़ने की अनुमति दी है। वर्ग कार्यवाही में, "वर्ग प्रतिनिधित्वकर्ता" कहे जाने वाले एक या अधिक लोगों ने अन्य लोगों की ओर से केस दायर किया, जिन्हें "वर्ग के सदस्य" कहा जाता है, जिनके क्लेम एक जैसे होते हैं। इस केस में, वर्ग के अभियोगी जोनाथन नेबे, एडुआर्डो एवेनौट, खैरुल अमीन, एंथोनी स्टॉलवर्थ, परिचय बर्मन और नूर तानी हैं, जिनमें से हर एक के पास टैक्सी या किराए के वाहन (FHV) संचालित करने का लाइसेंस था, जिन्हें गिरफ़्तार होने के बाद TLC की तरफ से निलंबित कर दिया गया था।

मार्च 2022 में, जिला न्यायालय ने सभी टैक्सी या किराए के वाहन चालकों के एक वर्ग को प्रमाणित किया, जिनके TLC लाइसेंस उनके 28 जून, 2003 और 18 फरवरी, 2020 के बीच किसी भी समय आपराधिक आरोप में गिरफ्तार किए जाने के आधार पर निलंबित कर दिए गए थे,। अब जिला न्यायालय यह निर्धारित करेगा कि प्रतिपूरक हर्जाने का हकदार कौन है और यदि हकदार है तो कितना हकदार है। कोर्ट ने फैसला सुनाया कि सभी चालक जो इस वर्ग के सदस्य हैं, वे कम से कम एक डॉलर के मामूली से नुकसान के लिए क्षतिपूर्ति पाने के

हकदार होंगे।

## 2. वर्ग के सदस्य होने के तौर पर आपके अधिकार

आपको यह नोटिस इसलिए प्राप्त हुआ है क्योंकि न्यायालय ने इस मुकदमे में एक वर्ग को प्रमाणित किया है और आपकी पहचान उस वर्ग सदस्य के रूप में की गई है जिनके अधिकारों का उल्लंघन हुआ। वर्ग कार्यवाही एक प्रकार का मुकदमा है जिसमें एक या कई व्यक्ति पूरे समूह के लिए धन की क्षति या अन्य राहत पाने के लिए समान हालातों वाले व्यक्तियों के समूह के सभी सदस्यों की ओर से किए गए क्लेम पर मुकदमा चलाते हैं। डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने फैसला किया कि यह मुकदमा एक वर्ग कार्यवाही के रूप में आगे बढ़ सकता है क्योंकि यह सिविल प्रक्रिया 23 के संघीय नियम की आवश्यकताओं को पूरा करता है। इस वर्ग कार्यवाही की देखरेख न्यायधीश रिचर्ड जे. सलिवन कर रहे हैं।

इस केस में लिया गया कोई भी निर्णय वर्ग के सदस्यों को मानना होगा। अगर आपका लाइसेंस 28 जून, 2003 और 18 फरवरी, 2020 के बीच किसी भी समय किसी आपराधिक आरोप में गिरफ्तारी के कारण TLC द्वारा निलंबित कर दिया गया था, तो आपको वर्ग में शामिल किया जाता है, जब तक कि आप नीचे निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार बाहर किए जाने का अनुरोध नहीं करते।

वर्ग का प्रतिनिधित्व डैनियल एल. एकमैन, डेविड टी. गोल्डबर्ग और शैनन लिस-रिओर्डन द्वारा किया जाता है, जिन्हें वर्ग काउंसल के रूप में नियुक्त किया गया है; उनकी संपर्क जानकारी नीचे है। हालाँकि, आप अपने स्वयं के खर्च पर इस मामले में अपने स्वयं के वकील के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करा सकते हैं, लेकिन आपको ऐसा करने की आवश्यकता नहीं है।

## 3. क्या मुझे धन की क्षतिपूर्ति प्राप्त हो सकती है?

वर्ग के सभी सदस्य एक डॉलर की मामूली सी धन की क्षतिपूर्ति के लिए पात्र हैं। क्या एक व्यक्तिगत वर्ग के सदस्य को प्रतिपूरक धन क्षति भी प्राप्त होगी या नहीं, यह एक कार्यवाही के माध्यम से निर्धारित किया जाएगा जो मूल्यांकन करेगी कि क्या पर्याप्त सुनवाई और पर्याप्त सुनवाई के अधिकार की उपयुक्त सूचना होने पर उसे बहाल किया गया होता है। कार्यवाही में इस बात का निर्धारण करना शामिल होगा कि क्या वर्ग के सदस्य का अपने पहले से लंबित आपराधिक मामले के लंबित रहने के दौरान TLC लाइसेंस जारी रखना सार्वजनिक सुरक्षा के लिए प्रत्यक्ष और पर्याप्त खतरा होगा। प्रतिपूरक क्षतियों की राशि, यदि कोई हो, का निर्धारण एक तटस्थ निर्णयकर्ता द्वारा किया जाएगा, जो TLC के असंवैधानिक निलंबन प्रथाओं के परिणामस्वरूप व्यक्ति को हुए नुकसान के साक्ष्य के आधार पर होगा। बचाव पक्ष धन की क्षतिपूर्ति के लिए एक कार्यवाही के लिए वर्ग सदस्य की पात्रता, और प्रस्तुत किए गए साक्ष्य का विरोध कर सकते हैं।

## 4. आपको क्या करना पड़ सकता है

**आपको वर्ग में बने रहने के लिए और नाममात्र का हर्जाना और अतिरिक्त प्रतिपूरक क्षतिपूर्ति हासिल करने की संभावना के लिए  कुछ भी करने की ज़रूरत नहीं है।**। अगर आप वर्ग में नहीं रहना चाहते हैं, तो आपको लिखित रूप में वर्ग से बाहर किए जाने (या बाहर निकलने) का अनुरोध करना होगा। अगर आप स्वयं को वर्ग से बाहर कर देते हैं, तो आप मुकदमे में किसी भी निपटान, वसूली, या अनुकूल निर्णय में भाग नहीं लेंगे। अगर आप वर्ग से बाहर निकलने का निर्णय लेते हैं, तो आप व्यक्तिगत रूप से अपने क्लेम्स पर मुकदमा चला सकते हैं। अगर आप ऐसा करने के लिए किसी वकील को नियुक्त करते हैं, तो यह आपके अपने खर्च पर होगा।

**अगर आप खुद को वर्ग से बाहर करना चाहते हैं, तो आपको स्वयं को वर्ग से बाहर करने के लिए संलग्न प्रपत्र को पूरा करना होगा।**

अगर आप खुद को वर्ग से बाहर करने का निर्णय लेते हैं, तो आपको पूरा फॉर्म प्रथम श्रेणी के मेल द्वारा या रात भर की डिलीवरी द्वारा इसे पोस्टमार्क करके **18 जुलाई, 2022 तक**, शैनन लिस-रिओर्डन, लिचटेन और लिस-रियर्डन में वर्ग काउंसल, 729 Boylston Street Suite 2000, Boston MA, 02116 पर भेजना होगा। वैकल्पिक रूप से, आप भरे हुए फॉर्म को 18 जुलाई, 2022 के बाद tlcsuspensioncase@llrlaw.com **पर ईमेल कर सकते हैं। कृपया फॉर्म को कोर्ट में न भेजें।**

**5. आगे की अदालती कार्यवाही**

जैसा कि ऊपर बताया गया है, कोर्ट ने पहले ही अभियोगी के पक्ष में मामले के गुण-दोष का निर्णय कर लिया है और एक वर्ग की स्थापना कर दी है। इसके बाद, कोर्ट व्यक्तिगत सुनवाई के माध्यम से तय करेगा कि कौन से वर्ग के सदस्य प्रतिपूरक नुकसान के हकदार हैं और यदि हां, तो कितने के हकदार हैं।

**6. अधिक जानकारी कैसे प्राप्त करें**

यह नोटिस केवल एक सारांश है; यह पार्टियों के दावों और बचावों का पूरी तरह से वर्णन नहीं करता है। इस मुकदमे में दलीलों और अन्य सभी रिकार्ड्स की नियमित ऑफिस अवधि के दौरान डैनियल पैट्रिक मोयनिहान यूएस कोर्टहाउस, 500 पर्ल स्ट्रीट, न्यूयॉर्क, न्यूयॉर्क 10007 में जांच की जा सकती है। अगर आपको और अधिक जानकारी चाहिए, तो आप **tlcsuspensioncase@llrlaw.com,** पर ई-मेल द्वारा **वर्ग काउंसल को शैनन लिस-रिओर्डन, लिचटेन एंड लिस-रिओर्डन, पीसी, 729 Boylston Street Suite 2000, Boston, MA 02116** या, या आप **415-630-2655**पर कॉल कर सकते हैं।

**Shannon Liss-Riordan**
**Lichten & Liss-Riordan, P.C.**
**729 Boylston Street, Suite 2000**
**Boston, MA 02116**
**www.llrlaw.com**
**Daniel Lee Ackman**

**डेनियल ली एकमैन**
**लॉ ऑफिस ऑफ़ डेनियल एल. एकमैन**
**165 Broadway, 23rd Floor**
**New York, NY 10006**
**www.danackmanlaw.com**
**ईमेल: dan@danackmanlaw.com**

**David Thomas Goldberg**
**Donahue & Goldberg, L.L.P.**
**240 Kent Ave.**
**Brooklyn, NY 11249**

**7. अगर मेरा पता बदल जाए तो क्या होगा?**

अगर यह नोटिस आपको किसी पुराने पते पर भेजा गया था, या एक जगह से दूसरी जगह चले गए है, तो कृपया अपने वर्तमान पते को वर्ग काउंसल को बताएं ताकि आपको भविष्य में कोई नोटिस और/या क्लेम फॉर्म का प्रमाण मिल सके। अगर आप वर्ग के सदस्य नहीं हैं, तो आप इस नोटिस को ठुकरा सकते हैं। आपके पते में कोई भी बदलाव tlcsuspensioncase@llrlaw.com पर ई-मेल किया जाना चाहिए या लिचटेन एंड लिस-रिओर्डन, 729 Boylston Street Suite 2000, Boston MA, 02116 को मेल किया जाना चाहिए। आप 929-477-9200 पर भी कॉल कर सकते हैं।

## <u>वर्ग कार्यवाही से बाहर करने का अनुरोध</u>

*नेबे और अन्य बनाम डोउस, और अन्य* (केस नंबर 06-cv-4991)
*स्टॉलवर्थ, और अन्य बनाम जोशी,और अन्य* (केस नंबर 17-cv-7119)

**कृपया इन निर्देशों को पढ़ें**

**आपको इस फॉर्म को भरने की जरूरत नहीं है। अगर आप इस वर्ग कार्यवाही के सदस्य बने रहना चाहते हैं और नाममात्र का धन हर्जाना पाना चाहते हैं, तो कुछ भी न करें।**

**अगर आप स्वयं को इस वर्ग कार्यवाही से बाहर करना चाहते हैं, तो इस फ़ॉर्म को भरें और पोस्टमार्क करें या इसे 18 जुलाई, 2022 के बाद ईमेल करें।**

**व्यक्तिगत जानकारी:** कृपया निम्नलिखित जानकारी को प्रिंट या टाइप करें।

नाम: ______________________________ TLC लाइसेंस संख्या: ____________________

स्ट्रीट का पता: ____________________________________________________________

शहर(*): राज्य (*): पिन कोड: ________________________________________________

ईमेल पता: ________________________________________________________________

टेलीफोन नंबर: _____________________________________________________________

**ऊपर दिए गए बॉक्स को चुनें और हस्ताक्षर करें**

| | |
|---|---|
| ☐ | मुझे इस वर्ग कार्यवाही से बाहर होना है। मैं समझता हूँ कि: (1) मैं इस कार्यवाही के ट्रायल या समाधान के नतीजन वर्ग की तरफ से प्राप्त की जा सकने वाली किसी भी संभावित रिकवरी में हिस्सा नहीं लूंगा ; (2) मैं बचाव पक्ष के अनुकूल कार्यवाही में किसी भी निर्णय के लिए बाध्य नहीं बनूँगा; और (3) मैं अपने स्वयं के खर्च पर अपना मुकदमा दायर करके बचाव पक्ष के खिलाफ कोई भी क्लेम पेश कर सकता हूं। |

हस्ताक्षर: ______________________________ तारीख: ____________________

**सबमिशन करने के निर्देश**

यह फ़ॉर्म **8 जुलाई, 2022** या उससे पहले tlcsuspensioncase@llrlaw.com पर ईमेल किया जाना चाहिए या नीचे दिए गए पते पर मेल किया जाना चाहिए:

लिचटेन एंड लिस-रिओर्डन, 729 Boylston Street Suite 2000, Boston MA 02116, **18 जुलाई, 2022**के बाद पोस्टमार्क नहीं किया गया। **कृपया इस फॉर्म को कोर्ट को मेल न करें।**